राज्यपाल सचिवालय

राज भवन, जयपुर

राजस्थान विधानसभा का सत्र 20 और 21 दिसंबर को

राज्यपाल श्री मिश्र ने सत्र आहूत करने की स्वीकृति दी

जयपुर, 19 दिसंबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने 16 वीं विधानसभा के प्रथम सत्र को आहूत करने की स्वीकृति प्रदान की है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने बताया कि 16 वीं विधानसभा का प्रथम सत्र 20 दिसंबर 2023 से प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि इस सत्र में प्रोटेम स्पीकर श्री कालीचरण सराफ द्वारा 20 दिसंबर को नव निर्वाचित विधायकों को शपथ दिलवाई जाएगी। दूसरे दिन 21 दिसंबर को शेष रहे विधायकों की शपथ और राजस्थान विधानसभा के स्पीकर का चुनाव होगा।

——